卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 20 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦27 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उपराष्ट्रपति ने किए बाबा केदार के दर्शन

देहरादून/रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बाबा केदारनाथ धाम पहुँच कर बाबा के दर्शन किए। उपराष्ट्रपति ने बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कर की देश की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। बाद में उन्होंने बद्रीनाथ के भी दर्शन किये और वहां भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी उनके साथ मौजूद रहे। केदारनाथ में राज्यपाल ने उन्हें केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। केदारनाथ भ्रमण पर पहुचें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करीब 9:15 बजे वायु सेना के हेलीकॉप्टर से वीआईपी





हैलीपैड पर पहुंचे।यहाँ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, पर अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। मंदिर के समीप केदार सभा, मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण एवं रूद्राक्ष की माला पहना कर उनका स्वागत किया। साथ ही बाबा केदारनाथ का वस्त्र बाघंबर ओढ़ा कर उनका सम्मान किया।जिसके बाद उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर सपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक व जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर देश के उत्थान एवं जन कल्याण की कामना की। करीब 30 मिनट की पूजा अर्चना कर उन्होंने बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जयनगर में बेकाबू ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि उसका साथी गंभीर



रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चंदनगर दिनेशपुर निवासी 45 वर्षीय सुभाष चन्द्र दफादार उर्फ त्रिलोक पुत्र नगेन्द्र नाथ दफादार शुक्रवार सुबह बाइक से अपने एक साथी के साथ हल्द्वानी की ओर जा रहा था। जयनगर के पास सामने आ रहे एक ट्रक ने बाइक को (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक और मैजिक की भिड़ंत में दो घायल

### मैजिक में लदे कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लालकुआं-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के मोतीनगर के पास ट्रक और मैजिक वाहन में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दो वाहन चालकों की हालत गंभीर बनी हुई। मैजिक वाहन में रखें आधा दर्जन से अधिक नई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची लालकुआं कोतवाली पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेते हुए घायलों को अस्पताल भेजा। जहां एक चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गोरापड़ाव स्थित होंडा शोरूम से आधा दर्जन गाड़ियां लेकर कंपनी का मैजिक वाहन लालकुआं की ओर आ रहा था, तभी मोतीनगर चेक पोस्ट के ठीक सामने निर्माणाधीन हाईवे से गुजरते समय अचानक नई मोटरसाइकिल से लोडेड मैजिक वाहन ने ट्रक से ओवरटेक किया। इसी दौरान सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में अपना वाहन ट्रक की ओर मोड़ दिया, जिससे ट्रक और मैजिक वाहन में भिड़ंत हो गई। हादसे में करीब आधा दर्जन नई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक भी घायल हो गए, जिसमें मैजिक वाहन के चालक की हालत अधिक गंभीर बनी हुई है।दोनों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। लालकुआं पुलिस की मौजूदगी में पुलिस व लोगों ने सड़क में बिखरी नई मोटरसाइकिलों को किनारे लगाकर लगभग 15 मिनट बाद हाईवे पर यातायात सुचारू करवाया। बताया जा रहा है कि हाईवे का काम चल रहा है, जहां बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। गड्ढे से बचने के चलते यह हादसा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## धोखे से घर ले जाकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी के साथ अश्लीलता करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री के साथ बीते 22 अक्टूबर को मोहल्ला अल्ली खां, काली बस्ती हजरत नगर निवासी अब्दुल (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुकदमे से बचाने के नाम पर आठ लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक संगीन आपराधिक मुकदमे से बचाने के नाम पर मृतक से पूर्व में जिंदा रहते आठ लाख रुपए तथा उसकी कार हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में खटीमा वार्ड 17 निवासी हाल निवासी किंग्स टावर मनीषा कौशिक ने कहा है कि उसके पति अमन शर्मा पर संगीन अपराध का मुकदमा दर्ज हो गया था। पति से मनीष वर्मा पुत्र स्व. सुरेश वर्मा निवासी एलायंस कालोनी की मुलाकात हुई और उसने पति को मुकदमे से बचाने का पूर्ण आश्वासन दिया तथा पति से 8 लाख रूपये ऐंठ लिये। उसके बाद मेरे पति को मुकदमे से बचाने के लिए और ज्यादा रूपये मांगने लगा और कहने लगा कि तुम्हें स्टे दिलाने के लिए उसने एक वकील को दो लाख रूपये दे दिये हैं। रूपये दो वरना तुम्हारे घर पुलिस भिजवाकर एन्काउंटर करा दूंगा। पति ने जब उसे पैसे (शेष पृष्ठ सात पर)

### झांसा देकर युवक से 1.43 लाख हड़पे


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साइबर ठगों ने ऑनलाइन वीडियो देख आसान कार्य से कमाई करने के नाम पर युवक से 1.43 लाख हड़प लिए। मामले की रैपर दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट महेंद्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामसहाय निवासी रेव सिनेमा के पीछे रुद्रपुर ने कहा है कि 25 मार्च को अनजान युवती से व्हाट्सएप एसएमएस प्राप्त हुआ। जिसके अनुसार वह वीडियो देखने कार्य करने और सब्सक्राइब करने जैसे आसान कार्य करके अंशकालिक कमाई के बारे में बता रही है। महेंद्र का कहना है उसके बाद उसने कुछ कार्य किए और इनाम प्राप्त किया। उसके बाद उन्होंने उसे टेलीग्राम से (शेष पृष्ठ सात पर)

### फैक्ट्री कर्मी से ऑनलाइन 21 हजार की ठगी

काशीपुर। साइबर ठगी के एक और हैरतअंगेज मामले में ऑनलाइन सामान बुक कराने के नाम पर शातिर दिमाग ने क्यूआर कोड के सहारे बैंक खाते से 21435 हजार रूपयों की रकम उड़ा दी। पुलिस ने राज्य मानवाधिकार आयोग की पहल पर घटना के लगभग 8 माह बाद अज्ञात के खिलाफ (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर को जान से मारने की धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर को धमकी भरा पत्र और जिंदा कारतूस भेजकर 10 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गयी है । जिससे



क्षेत्र में हड़कंप मचा है।पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 अक्टूबर को उनके घर का सामान फर्नीचर, सोफा आदि आंगन में सूखने के लिए धूप में रखा था लगभग 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्लास्टिक की एक पन्नी में हाथ से लिखा हुआ पत्र और पीतल का एक जिंदा कारतूस उनके आंगन में रख दिया जो शाम को उनके ड्राइवर द्वारा 5 बजे उन्हें दिया गया। इसमें हाथ से लिखा पत्र और पीतल का एक जिंदा कारतूस मिला। पत्र में गाली गलौज और धमकी भरे शब्द भी लिखे थे। इसके बाद से भाजपा नेता के परिवार के लोग डरे सहमे हुए हैं और उन्होंने किसी अनहोनी

## अनूप अग्रवाल की गिरफ्तारी को ताबड़तोड़ छापेमारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। 40 लाख रूपयों की रंगदारी के लिए गाली गलौज मारपीट तथा ब्लैकमेल करते हुए हत्या की नीयत से फायरिंग झोंकने के अभियुक्त अनूप अग्रवाल तथा उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्तों को जल्द ही सलाखों के पीछे किया जाएगा। अनूप अग्रवाल के खिलाफ पूर्व में भी थाना कोतवाली में गंभीर मामले दर्ज है। स्टेशन रोड निवासी प्रतीक अग्रवाल ने बीते रोज राइस मिलर अनूप अग्रवाल, उसके पुत्र अमोल अग्रवाल तथा क्षितिज , मनदीप व राजू बाजवा पर रंगदारी मांगने व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। उधर पुलिस के मुताबिक एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही अनूप अग्रवाल भूमिगत हो गया है। हालांकि पुलिस का यह भी कहना है कि जल्द ही उसे व उसके साथ नामजद सभी आरोपियों को जल्द ही दबोच लिया जायेगा। प्रतीक अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में अनूप अग्रवाल को शातिर किस्म का बदमाश बताया है। अनूप अग्रवाल के खिलाफ पूर्व में भी थाना कोतवाली(शेष पृष्ठ सात पर)

## एकल अभियान का खेलकूद समारोह 30 से : चुघ

### 29 अक्तूबर को निकाली जायेगी खेल ज्योति यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आगामी 30 एवं 31 अक्टूबर को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तराखंड प्रदेश स्तरीय खेलकूद समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में




कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने बताया कि एकल अभियान सुदूरवर्ती ग्रामों के बच्चों को खेलों के प्रति सदेव प्रोत्साहित का इन्हे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा ग्रामीण बच्चों को शिक्षित, संस्कारित करने के साथ साथ उन वनवासी एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण बच्चों को अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से ग्राम, ब्लाक एवं जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक कबड्डी, कुस्ती, ऊचा कूद, लम्बी कूद के माध्यम से प्रतिभा निखारने एवं राष्ट्र निर्माण हेतु व्यक्तित्व निर्माण का कार्य सम्पूर्ण भारत के एक लाख से अधिक गांव में कर रहा है। श्री चुघ ने बताया कि इसी क्रम में उत्तराखंड प्रांत के 13 जिले के 3255 गांव के लगभग 104160 बच्चों ने पाए ग्राम स्तर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे के इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान प्रहार के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निकट पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मनोज कुमार, रमेश चन्द्र फुलेरिया व संजय यादव ने बलवन्त कालौनी रोड पर सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास बनी झोपड़ी से दो व्यक्तियों को नशे के इन्जेक्शन बेचते हुये गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत किया है।पूछताछ में अभियुक्तगणो (शेष पृष्ठ सात पर)

# 'खेल महाकुंभ' का 31 अक्टूबर से होगा आगाज

## ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी: रेखा आर्य

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में इस बार खेल महाकुंभ 31 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। खास बात यह है कि इस बार खेल महाकुंभ न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। ताकि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से भी खेल प्रतिभाएं उभर कर आ सकें। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने गुरूवार को सचिवालय मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता कर 31 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे खेल महाकुंभ के संबंध में जानकारी दी। श्रीमती रेखा आर्य ने बताया कि खेल महाकुंभ का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। इस वर्ष आयोजित होने जा रहे खेल महाकुंभ की शुरुआत नैनीताल जनपद के हल्द्वानी शहर में कुंवरपुर न्याय पंचायत से होगी। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर, उप सचिव युवा कल्याण श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह, श्री शक्ति सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बता दें उत्तराखंड में हर साल खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। इस बार खेल महाकुंभ का आगाज 31 अक्टूबर से होगा। खास बात यह है कि इस बार खेल महाकुंभ न्याय पंचायत



स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। ताकि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से भी खेल प्रतिभाएं उभर कर आ सकें। खेल महाकुंभ में इस बार प्रदेश भर से तकरीबन चार लाख के करीब खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें जिसमें न्याय ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी। लेकिन इस बार खेल महाकुंभ इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2024 में उत्तराखंड में 38वे राष्ट्रीय खेल आयोजित किए जाने हैं। उसमें भी उत्तराखंड का अच्छा प्रतिनिधित्व हो सके इसलिए बड़े स्तर पर खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहली बार न्याय पंचायत स्तर पर पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत धनराशि भी दी जाएगी। इतना ही नहीं इस बार विभाग द्वारा पुरस्कारों की धनराशि में भी बढ़ोतरी की गई है। बता दें इस बार ब्लॉक स्तर पर पहला स्थान पाने वाले खिलाड़ी को 500 रुपए, दूसरे स्थान वाले को 400 रुपए ओर तीसरे स्थान पर रहने वाले को 300 रुपए की धनराशि दी जाएगी। वहीं राज्य स्तर पर पहला दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को भी 1500 रुपए,1000 रुपए और 700 रुपए की धनराशि पुरस्कार के तौर पर दी जाएगी। खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि खेल महाकुंभ का आयोजन 31 अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक किया जाएगा। जिसके लिए विभाग को पूरी तैयारी करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# उद्यान विभाग में पौधरोपण घोटाले की सीबीआई जांच के दिए आदेश

## सेवानिवृत्त होने के दिन मुख्य न्यायाधीश विपिन सांधी ने याचिका पर सुनाया फैसला

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने उद्यान विभाग में हुए घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने इस मामले को अति गंभीर मानते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश भी दिए हैं कि अधिकारी इस मामले में सीबीआई को सभी दस्तावेजों के साथ सहयोग करें। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को यह निर्णय सुनाया। खंडपीठ के समक्ष 11 अक्तूबर को मामले की सुनवाई हुई थी इसके बाद कोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया था। बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सेवानिवृत्त पर यह निर्णय सुनाया।



हाईकोर्ट में दीपक करगेती ने जनहित याचिका दायर कर उद्यान विभाग में घोटाले का आरोप लगाया था। पूर्व में कोर्ट ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट पर सुनवाई की थी लेकिन कोर्ट इस रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुई। सरकार की ओर से कहा गया था कि एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है। इस पर कोर्ट ने सरकार से सवाल किया था कि जिन लोगों के खिलाफ घपले के सबूत पाए गए हैं उनके खिलाफ उन्होंने क्या कार्रवाई की। कोर्ट ने मामले की प्रारंभिक जांच करने के लिए राज्य सरकार के अनुरोध पर एसआईटी को जांच सौंपी थी। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि देखते हैं कि एसआईटी कैसी जांच करती है। याचिका के अनुसार उद्यान विभाग में लाखों का घोटाला किया गया है। पौधरोपण में गड़बडियां की गई हैं। विभाग की ओर से एक ही दिन में वर्कऑर्डर जारी कर उसी दिन जम्मू कश्मीर से पेड़ लाना दिखाया गया है। इसका भुगतान भी कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इस पूरे मामले में कई वित्तीय और अन्य गड़बडियां हुई हैं इसलिए इसकी सीबीआई या फिर किसी निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच कराई जाए।

# थोक बाजार विश्व संघ सम्मेलन में कृषि मंत्री जोशी ने किया प्रतिभाग

## मेक्सिको में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखण्ड आने का दिया न्योता

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री एवं भारत के राज्यों के कृषि विपणन बोर्ड के राष्ट्रीय संघ (कौसाम्ब) के अध्यक्ष गणेश जोशी ने मेक्सिको के कनकुन में थोक बाजार के वैश्विक संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय थोक बाजारों का विश्व संघ सम्मेलन 2023 में प्रतिभाग किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने थोक बाजार विश्व संघ सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से भी भेंट की। थोक बाजार के विश्व संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खाद्य बाजार का भविष्य उपभोक्ताओं की अपेक्षानुरूप, थोक एवं फुटकर बाजार का आधुनीकरण: वर्ष 2030 तक, विषय पर कनकुन, मैक्सिकों में 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों के 300 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्व के प्रतिनिधियों से कृषि विपणन के आधुनीकिरण के सम्बन्ध में विचार साझा किए गए।इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के बाद वैश्विक स्तर पर लोगों का विश्वास भारत पर बढ़ा है। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विपणन के सम्बन्धित 165 देश के प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्यक्रम में आए हैं और सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया है। मंत्री जोशी ने कहा इस राष्ट्रीय सम्मेलन से जो मंथन निकलकर आएगा वो निश्चित ही



वैश्विक स्तर पर एक मील का पत्थर साबित होगा। कृषि मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी प्रदेश में कृषि एवं औद्यानिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखण्ड आने का न्योता दिया गया है। जिस पर जर्मनी, अर्जेंटीना, मेक्सिको और यूएस के लोगों ने उत्तराखंड में निवेश करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रदेश में धामी सरकार इन्वेस्टरों को निवेश के लिए एक अच्छा वातावरण दे रही है, उससे दिसंबर माह में आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी ये एक सफल पहल होगी। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज आधुनिकीकरण का जमाना है। डिजिटल का युग है आज हमारे देश एवं प्रदेश में लगभग सभी मंडियां ई-नाम से जुड़ चुकी है। मंत्री ने कहा कि यहां से जो चीज निकल कर आएगी उसे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में साफ सफाई व्यवस्था बेहद आवश्यक है। मंत्री ने कहा इस सम्मेलन से लौटने के बाद वो सभी प्रदेशों के विपणन बोर्डों को पत्र लिखकर इस माडल पर कार्य करने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों में थोक फल-सब्जी बाजार की कार्यप्रणाली के वास्तविक अनुभवों को राज्य एवं देश में थोक विपणन में विकासयुक्त परिर्वतन किये जाएंगे। ताकि कृषि उपज के विपणन को आधुनिक किया जा सके।मंत्री जोशी ने कहा कि आज आधुनिकीकरण का जमाना है। हमारे देश एवं प्रदेश में लगभग सभी मंडियां ई-नाम से जुड़ चुकी हैं। यहां से जो सुझाव निकल कर आएंगे, उन्हें प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस मौके पर कोसाम्ब के प्रबंध निदेशक डॉ. जगवीर सिंह यादव, विपणन बोर्ड से सचिव विजय थपलियाल भी मौजूद रहे।

# नियमित निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर नौ पीआईयू को नोटिस

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव ग्रामीण विकास विभाग राधिका झा ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत गठित नौ प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट (पीआईयू) का जवाब तलब किया है। बागेश्वर, पोखरी, चंपावत, कालसी, कोटद्वार, सतपुली, बैजरो, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी में इन सभी पीआईयू ने सड़कों के अनुरक्षण कार्यों के नियमित निरीक्षण और निगरानी में लापरवाही बरती है। सचिव ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही दोहराए जाने पर पीआईयू में तैनात अभियंताओं को कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। बृहस्पतिवार को सचिव ने पीएमजीएसवाई के चरण एक व दो के उन कार्यों की समीक्षा की, जिन्हें मार्च 2024 तक पूरा होना है। उन्होंने प्रत्येक सर्किल में बने दो पीआईयू की मासिक लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए चेतावनी दी कि अगले माह तक मासिक लक्ष्यों को पूरा नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने ग्रेडिंग को लेकर पूर्व दिए गए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा।बैठक में सचिव ने वन भूमि और न्यायालय में विचाराधीन मसलों के भी शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता रवि प्रताप सिंह के मुताबिक, मार्च 2024 तक 800 करोड़ की लागत से 370 कार्य होने हैं। करीब 570 किमी सड़क निर्माण से 25 गांव जुड़ेंगे।

# स्टेट हाईवे पर बने लोनिवि के 60 पुलों का होगा कायाकल्प

देहरादून। आपदा प्रबंधन विभाग की विश्व बैंक पोषित परियोजना के तहत प्रदेश में स्टेट हाईवे पर बने लोक निर्माण विभाग के 60 पुलों का कायाकल्प होगा। ये सभी पुल कम भार क्षमता के हैं। इन्हें बी से ए श्रेणी में बदला जाएगा। लोनिवि ने आपदा प्रबंधन विभाग को पुलों का प्रस्ताव सौंप दिया है।इन पर करीब 400 करोड़ रुपये की लागत आएगी, लेकिन विश्व बैंक से 300 करोड़ रुपये की मदद ही मिलेगी। सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक, नवंबर महीने में विश्व बैंक की एक टीम दौरा करेगी। प्रस्ताव में शामिल पुलों का निरीक्षण करने के बाद करार होगा।इस प्रोजेक्ट के लिए हर जिले में एक डिविजन को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिन जिलों में एडीबी के डिविजन पहले से संचालित हैं, उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। विभाग की यह कोशिश भी है कि प्रोजेक्ट के तहत दो बड़े स्थानों के सारे पुलों को इस प्रोजेक्ट तहत अपग्रेड कर दिया जाए ताकि वहां की कनेक्टिविटी एक बार दुरस्त हो जाए।राज्य के स्टेट हाईवे में ऐसे 300 पुल चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाना आवश्यक है। ये सभी पुल बी श्रेणी के हैं।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों और संस्थानों पर कार्रवाई की जाए

## मंडलायुक्त ने फरियादी और अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं का किया निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को आयुक्त कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में विगत जन मिलन कार्यक्रम की शिकायतों के निस्तारण हेतु फरियादी और अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं का निस्तारण किया। विगत जनता दरबार में हल्द्वानी के वृद्ध व्यक्ति त्रिलोचन सिंह ने शिकायत की थी जितेंद्र वर्मा अनेक यहां किराए पर रहते है। उनके द्वारा पिछले 02 साल से किराया नहीं दिया जा रहा है। आयुक्त ने उन्हें समय दिया था कि उनके बीच किराया के राजीनामा अनुसार किराया दे दिया जाए। किंतु जितेंद्र वर्मा द्वारा पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद उन्हें किराए का भुगतान नहीं किया गया। मौके पर आयुक्त ने किरायेदार को त्रिलोचन सिंह का मकान खाली करने के निर्देश दिए। जितेंद्र वर्मा इसी भवन में एक विद्यालय



संचालित करते है जो की आठवीं तक है। स्कूल में लगभग 70 बच्चे है। जांच में सामने आया कि स्कूल बिना मान्यता के संचालित किया जा रहा है। आयुक्त ने खंड शिक्षा अधिकारी, हल्द्वानी को नियम विरुद्ध स्कूल संचालित करने पर करवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु अन्य विद्यालय में दाखिला दिलाने की भी जिम्मेदारी तय की। पुण्डरीकाक्ष इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड एलाइड साइंस के विषय में वहां के विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने कॉलेज में विभिन्न कोर्सो में प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था । दाखिले के समय कॉलेज ने बताया था की जल्द ही कॉलेज को गढ़वाल विश्वविद्यालय से संबद्धता मिल जाएगी किंतु अतिथि तक कॉलेज को संबद्धता नहीं मिली है। बच्चों ने सुरक्षित भविष्य हेतु आयुक्त से गुहार लगाई थी और कहा था कि वे अब दूसरे कॉलेज में दाखिला लेना चाहते है। आयुक्त ने कॉलेज के मालिक से इस विषय में वार्ता की थी। आयुक्त को मालिक ने आश्वस्त किया है कि वह जल्द ही बच्चों के प्रथम वर्ष की फीस दूसरे कॉलेज को दे देगा।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूल को किया सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बिना मान्यता के लामाचौड़ क्षेत्र में चल रहे न्यू हैरिटेज एजुकेशन सोसायटी स्कूल को प्रशासन की टीम ने सील कर दिया है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को निजी और सरकारी स्कूल में एडमिशन दिया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। गत दिवस कुमाऊं कमिश्नर के जनता दरबार में शिकायत आई कि न्यू हैरिटेज एजुकेशन सोसायटी स्कूल बिना मान्यता के चल रहा है। इस पर कमिश्नर रावत ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को स्कूल को सील करने के आदेश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र भेजकर स्कूल सील करने में सहयोग मांगा। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने नायब तहसीलदार युगल पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा को मौके पर भेजा। टीम ने विद्यालय को सील कर दिया। कमिश्नर दीपक रावत ने बताया कि ये मामला 15 अप्रैल 2023 से चल रहा था। शिक्षा विभाग ने एक मई 2023 को विद्यालय पर एक लाख का जुर्माना लगाया था। साथ ही 10 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त अर्थदंड लगाने की संस्तुति की थी। तब से शिक्षा विभाग पत्र-पत्र खेल रहा था। यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निजी और सरकारी स्कूल में एडमिशन दिया जाएगा।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# भारत को जानो प्रश्नमंच सीनियर वर्ग में एमेनिटी प्रथम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रश्नमंच का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग में जेसीज पब्लिक स्कूल तथा सीनियर वर्ग में एमेनिटी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेन्द्र तुलसयान, परिषद के प्रान्तीय महासचिव नरेश कंसल, प्रान्तीय प्रयवेक्षक दीपक अरोरा ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुषपार्चन कर किया गया। प्रान्तीय संयोजक संजय राधू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को जानो, भारत विकास परिषद की एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसमें सर्वप्रथम शाखा स्तर पर सभी विद्यालयों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विवेकानन्द शाखा द्वारा रुद्रपुर नगर के 17 विद्यालयों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया, जिसमें 4451 बच्चों ने प्रतिभाग किया, इन्हीं विद्यालयों से लिखित परीक्षा के दोनों वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं की टीमें आज यहाँ शाखा स्तरीय प्रशांमञ्च में प्रतिभाग कर रही हैं, यहाँ पर दोनों वर्गों कि विजेता टीमें 29 अकतूबर को खटीमा मे आयोजित होने वाली प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। शाखा सचिव हरीश ग्रोवर ने बताया कि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में नगर के जेसीज पब्लिक स्कूल, आरएएन पब्लिक स्कूल, ब्लूमिंग ड्रेल्स मॉडर्न स्कूल, एमीनिटी पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड एकेडमी, विज्डम पब्लिक स्कूल, किड्स कैरियर पब्लिक स्कूल, पाथ सीकर इंटरनेशनल स्कूल, फिफथ सेंटेनेरी पब्लिक स्कूल, भँजुराम अमर पब्लिक स्कूल, अमर इंटरनेशनल स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल, रेडिएंट पब्लिक स्कूल, आशुतोष विद्या मंदिर, माउंट लिट्रा जी स्कूल, लालपुर पब्लिक स्कूल की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जूनियर वर्ग में 16 तथा सीनियर वर्ग में 13 विद्यालयों कि टीमें मुकाबला कर रही हैं। कार्यक्रम के प्रथम भाग में जूनियर वर्ग की 13 टीमों ने डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित भारतीय धर्म, संस्कृति, इतिहास, विज्ञान,खेल, अर्थव्यवस्था तथा समसामयिक प्रश्नों का उत्तर दिया, सभी चक्रों के सम्पन्न होने के पश्चात रोचक मुकाबले में प्रथम स्थान पर आर ए एन पब्लिक स्कूल तथा जेसीज पब्लिक स्कूल के बीच ड्रॉ होने के बाद टाइ ब्रेकर मुकाबले में भी दोनों टीमों ने समान अंक प्राप्त किए, इसके पश्चात दोनों टीमों से तीन तीन अतिरिक्त प्रश्न पूछे गए जिसमें जेसीज पब्लिक स्कूल ने तीनों प्रश्नों का सही उत्तर देकर जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, आरएएन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर ने द्वितीय स्थान तथा पाथ सीकर इंटरनेशनल स्कूल तथा फिफथ सेन्टेनरी स्कूल ने समान अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र तुलसयान ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए भारत विकास परिषद सदस्यों का ज्ञानवर्धन कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आभार व्यक्त किया, मेयर रामपाल सिंह ने भी कार्यक्रम में पधार कर छात्र छात्राओं का तथा शाखा सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।सीनियर वर्ग के रोचक मुकाबले में एमीनिटी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, माउंट लिट्रा जी स्कूल ने द्वितीय तथा जेसीज पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग की विजेता जेसीज पब्लिक स्कूल तथा सीनियर वर्ग की विजेता एमिनिटी पब्लिक स्कूल की टीम 29 अक्टूबर को खटीमा में प्रान्तीय स्तर कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का संचालन अध्यक्ष संजय खेड़ा, कोषाध्यक्ष अक्षय गहलोत, संजय राध ,आदित्य गौतम, हेमेन्द्र गंगवार तथा पुष्पक अग्रवाल ने किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रुद्रपुर शाखा के सचिव कीर्ति निधि शर्मा, शाखा सदस्य शीशपाल सिंह, स्नेह राधू, रीमा खेड़ा नगर निगम के हरीश चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विस चुनाव में धामी होंगे स्टार प्रचारक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में मांग है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री महामंत्री तरुण चुग ने मुख्यमंत्री से एक नवंबर से 28 नवंबर के बीच पांच दिन प्रचार का समय मांगा है। मुख्यमंत्री तीनों राज्यों में स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगे। वे वहां चुनावी



जनसभाएं करेंगे।मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा ने उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव 2022 में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की थी। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड के बागेश्वर में हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की। अब सीएम धामी के चेहरे की डिमांड राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विस चुनाव प्रचार में बढ़ी है। पार्टी उन्हें स्टार प्रचारक के रूप में मैदान में उतारने जा रही है।चुनाव घोषित होने से पहले भी धामी ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में रोड शो और चुनावी रैलियां की थीं। भाजपा का दावा है कि इन रैलियों में स्थानीय लोगों में आकर्षण दिखाई दिया। उनके कार्यक्रमों में भीड़ जुटी। भाजपा धामी सरकार में लिए गए बड़े फैसलों को इसकी वजह बता रही है। कठोर नकल विरोधी कानून से लेकर समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में उठाए गए कदम की दूसरे राज्यों में चर्चा है। पार्टी धामी की इस छवि का चुनावी फायदा लेना चाहती है। पार्टी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत धामी का छत्तीसगढ़ में एक दिन, मध्य प्रदेश और राजस्थान में दो-दो दिन के प्रचार करेंगे।

# देहरादून में चार नवंबर को लगेगा पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दरबार

देहरादून(उद संवाददाता)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दून में दरबार सजेगा। धीरेंद्र शास्त्री के चार नवंबर को दून में एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। दरबार में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले सनातन जागरूक यात्रा निकाली जाएगी। श्री पशुपतिनाथ मंदिर भारत चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दून में धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम रायपुर के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक निवृति यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि 4 नवंबर को धीरेंद्र शास्त्री का दरबार शाम 4 से रात 11 बजे तक चलेगा। इससे पहले 2 नवंबर को सनातन



कलश यात्रा निकाली जाएगी। तीन नवंबर को स्पोर्ट्स कॉलेज में महायज्ञ का आयोजन होगा। धीरेंद्र शास्त्री का दून में यह पहला कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वामी चिदानंद सरस्वती को बतौर मुख्य अतिथि आर्मंत्रित किया गया है। इस मौके पर दीपक बाली, अमित त्यागी, मनीष चावला, सुमित अदल्खा, आदित्य नागर, डॉ. विशाल गर्ग, अमित सैनी, मनोज आदि मौजूद रहे।

# गंगोलीहाट का जवान जम्मू में शहीद

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट का लाल दीपक सिंह सुगड़ा (28) पुत्र मोहन सिंह जम्मू में शहीद हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद से गांव में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक दीपक जम्मू कश्मीर के पुलवामा में तैनात थे। दो हफ्ते पहले ही वह छुट्टी पूरी कर अपनी यूनिट में गए थे। नायक दीपक सिंह की इंटर तक की पढ़ाई चौरपाल से हुई थी। वह वर्ष 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। जानकारी के अनुसार दीपक दो बार पैरा स्पेशल कमांडो की ट्रेनिंग ले चुके हैं। लेकिन पैर में चोट आने के कारण उन्हें वापस यूनिट भेज दिया गया। बता दें तीन महीने पहले ही शहीद जवान दीपक (29) की पत्नी हिमानी (24) की बीमारी के कारण मौत हो गई थी।दीपक अपने



पीछे अपने एक साल के बेटे और अपनी मां कौशुली देवी (54) को छोड़ गए हैं। उनका बेटा अपनी दादी के साथ गांव में रहता है। दीपक के पिता मोहन सिंह की भी चार साल पहले मौत हो चुकी है। शहीद दीपक सिंह के दो भाई दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर अभी उनकी मां को अभी नहीं दी गई है। जवान के शहादत के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। इस संबंध में एसडीएम भगत सिंह फोनिया ने किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है।

# उत्तराखंड में स्थानीय निकायों के चुनाव लटके

## निकायों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण के लिए दो नवंबर से दो फरवरी 2024 तक तीन माह की समय सारिणी जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में स्थानीय निकायों का कार्यकाल चार दिसंबर को समाप्त होने से पहले चुनाव नहीं हो सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकायों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण के लिए दो नवंबर से दो फरवरी 2024 तक तीन माह की समय सारिणी जारी कर दी है। प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य अगले माह दो नवंबर से प्रारंभ होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो फरवरी, 2024 को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट ने गुरुवार को प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों की निर्वाचक नामावलियां तैयार करने के लिए समयसारिणी की अधिसूचना जारी की। प्रदेश में पिछले निकाय चुनाव वर्ष 2018 में हुए थे। तब 20 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। 18 नवंबर को मतदान होने के बाद 20 नवंबर को परिणाम घोषित किए गए थे। निकायों का शपथ ग्रहण और पहली बैठक दो दिसंबर को हुई। निकाय अधिनियम के अनुसार पहली बैठक से ही निकाय का पांच साल का कार्यकाल शुरू होता है। अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि कार्यकाल खत्म होने से 15 दिन पहले अथवा 15 दिन बाद में चुनाव कराए जा सकते हैं।राज्य में वर्तमान में नगर निकायों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। इनमें सात निकाय कुछ समय पहले ही अधिसूचित हुए हैं। ऐसे में अन्य निकायों के साथ इनके चुनाव कराना संभव नहीं है। शेष 103 निकायों में से केदारनाथ, बद्रीनाथ व गंगोत्री में चुनाव नहीं होते। रुड़की नगर निगम व बाजपुर नगर पालिका परिषद में चुनाव बाद में होने के कारण इनका कार्यकाल अगले वर्ष पूर्ण होना है। इसके अलावा सिरौरीकला निकाय के गठन को लेकर अदालत से स्थगनादेश मिला है। यानी 97 निकायों में चुनाव होने हैं।राज्य निर्वाचन आयुक्त के अनुसार नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, नरेंद्र नगर, रुद्रप्रयाग एवं बाजपुर और नगर पंचायतों कीर्तिनगर, गंगोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, मुनस्यारी एवं नंदा नगर घाट को छोड़कर अन्य सभी निकायों की मतदाता सूचियों का विस्तृत पुनरीक्षण किया जाएगा। एक जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाएंगे।

# यात्रा सफल होने पर बांटा खीर का प्रसाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री दुर्गा यात्रा समिति दुर्गा मंदिर रुद्रपुर द्वारा 32 वी मां वैष्णो दरबार यात्रा के संपूर्ण होने पर श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर में खीर का प्रसाद आम जनमानस में बांटा गया। सर्वप्रथम प्रात: पूरे विधिविधान से पण्डित नवीन मिश्रा और महंत राजीव ठक्कर ने माता रानी और समस्त देवताओं को भोग लगाया और पूजा अर्चना कराई ।फिर सभी को खीर का प्रसाद बांटा गया। खीर सेवा करने वालो में यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल , भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,दुर्गा मन्दिर सभा की अध्यक्षा रेणु अरोरा, नगर महामंत्री भाजापा सोनू अनेजा , प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली , व्यापार



मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ,विक्की कक्कड़ , गुरशरण बब्बर,अमित दुआ ,हरीश ठुकराल , देवेंद्र कुकरेती, सुभाष डोगरा , हरीश ठुकराल , विनोद कुमार ,आशु अरोरा ,राजीव गंभीर ,विनोद कुमार , नजीर सिंह , अंश कक्कड़ आदि थे।



# उपराष्ट्रपति ने गंगोत्री धाम में की पूजा अर्चना

देहरादून/उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपत्नीक गंगोत्री धाम के दर्शन कर गंगोत्री मंदिर एवं गंगा तट पर पूजा अर्चना कर राष्ट्र के उत्थान एवं लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान डा. श्रीमती सुदेश धनखड़ और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति के गंगोत्री आगमन पर तीर्थ पुरोहितों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तथा स्थानीय निवासियों ने उपराष्ट्रपति का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ एवं उनकी पत्नी ने गंगोत्री मंदिर के दर्शन कर विशेष पूजन और अभिषेक कर गंगा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ उन्होंने राज्यपाल के साथ गंगा तट पर जाकर पूजन कर देश की प्रगति व लोक मंगल की कामना की। उपराष्ट्रपति गंगोत्री हिमालय क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य और देवनदी गंगा की अविरल और निर्मल धारा के दर्शन से काफी अभिभूत दिखे। इस दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को इस सीमांत क्षेत्र की विशिष्टताओं से भी अवगत कराया। गंगोत्री धाम में श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल, सुरेश सेमवाल, महेश सेमवाल, संजीव सेमवाल, मुकेश, मनु, कमलनयन, माधव सेमवाल आदि तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न करवाई। उपराष्ट्रपति के आगमन पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान के द्वारा स्मृति चिन्ह, शॉल एवं स्थानीय उत्पाद तथा हर्षिल क्षेत्र का प्रसिद्ध सेब भेंट किया गया।



# इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के लिए त्वरित क्लीयरेन्स हेतु नोडल अधिकारियों को किया नियुक्त

## एसीएस ने दी सक्रियता के साथ प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर कार्य करने की हिदायत

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गुरूवार को उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किए गए 500 करोड़ रूपये या उससे अधिक के 25 विभिन्न एमओयू की समीक्षा की। इस दौरान एसीएस ने निवेशकों के भूमि एवं आवास सम्बन्धित मामलों के त्वरित क्लीयरेन्स हेतु कमीशनर गढ़वाल और कुमाऊँ व फॉरेस्ट तथा पोल्यूशन क्लीयरेन्स सम्बन्धित मामलों के लिए प्रमुख सचिव वन तथा फायर क्लीयरेन्स के लिए डीआईजी फायर को नोडल बनाने के निर्देश जारी किए हैं। एसीएस ने इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के डेडिकेटेड फॉलोअप हेतु एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति के आदेश दिए हैं। यह नोडल अधिकारी इन्वेस्टर्स समिट हेतु किये गए एमओयू के तहत हर प्रोजेक्ट का पटवारी स्तर से सचिव स्तर तक विभिन्न स्तरों व विभागों में त्वरित क्लीयरेन्स को सुनिश्चित करेंगे। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने पर्यटन विभाग को सबसे अधिक सक्रियता के साथ प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने विभागों को एमओयू की शत् प्रतिशत ग्राउडिंग के लिए अलग-अलग रहकर कार्य करने स्थान पर कलेक्टिव ऑनरशिप के साथ कार्य करने की हिदायत दी है। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए एमओयू की प्रभावी ग्राउडिंग से उत्तराखण्ड को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेगी। एसीएस ने परिवहन विभाग को पब्लिक ट्रांसपोर्ट व इलैक्ट्रिक बसों के क्षेत्र में रूचि दिखाने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रयास करने व राज्य के निवासियों एवं महिलाओं को ही ई रिक्शा के आवंटन की संभावनाओं के आंकलन के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव उद्योग श्री विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव श्रीमती पूजा गर्ब्याल, श्रीमती रंजना राजगुरू, श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# सार्वजनिक सम्पत्तियों को नागरिकों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराएं: सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ कार्यालय अवधि के उपरान्त सार्वजनिक सम्पत्तियों को नागरिकों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियों का अधिकतम और बेहतर उपयोग किया जा सके इस उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इससे सामुदायिक विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक क्रियाकलापों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री भी इस सम्बन्ध में सख्त निर्देश जारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि परिसम्पत्ति का स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अधिकतम उपयोग हो सके इसके लिए जिला स्तर पर बनाई गई समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा, इसके लिए समिति में प्रबुद्ध नागरिकों को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रबुद्धजनों के एक समूह को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि इन सार्वजनिक सम्पत्तियों के उपयोग के लिए कोई शुल्क रखा जाएगा या नहीं इस सम्बन्ध में जिला स्तरीय समिति को ही अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सार्वजनिक सम्पत्तियों का शुल्क कितना होना चाहिए? होना चाहिए या नहीं होना चाहिए इसका निर्णय भी समिति द्वारा लिया जा सकेगा।इसका उद्देश्य बताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि सार्वजनिक सम्पत्तियाँ नागरिकों के टैक्स के पैसे से ही तैयार की जाती है। इन परिसम्पत्तियों को नागरिकों के व्यापक उपयोग में लाकर प्रभावी उपयोग किया जा सकेगा, जिससे सामुदायिक विकास और नागरिक भागीदारी के लिए एक समावेशी वातावरण बनाया जा सकेगा।इस अवसर पर अपर सचिव श्री सी. रविशंकर, श्री आशीष श्रीवास्तव, श्री विनीत कुमार एवं श्री योगेन्द्र यादव सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



# जामरानी बांध परियोजना को मंजूरी मिलने पर मिष्ठान वितरित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के कैम्प कार्यालय पर जमरानी बांध को केंद्रीय परियोजना घोषित कर उसमें 1730 करोड़ की केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय स्वकृति प्रदान करने पर उसके निर्माण का रास्ता साफ होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान शिव अरोरा ने हा कि कुमाऊँ वासियों के लिये इस परियोजना के निर्माण से बहुत बड़ा लाभ होगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नैनीताल उधम सिंह नगर के लोगों के लिये दीपावली की विशेष सौगात है, इससे लाखो की आबादी को जल की समस्या व सिचाई के लिये किसानों को बहुत लाभ होगा। साथ ही इस परियोजना से विद्युत उत्पादन का कार्य होगा जो मील का पत्थर साबित होगा। कार्यकताओं ने मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र का आभार जताया, इस परियोजना से बर्षो वर्ष की जल की समस्या का समाधान होगा और इससे पानी की आपूर्ति को पूरा किया जा सकेगा। काठगोदाम में 10 किलोमीटर के क्षेत्र में बांध बनने से लोगो को रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, राजेश जग्गा, डंप्पी चोपड़ा, सुनील यादव, अनिता बरेठा, कैलाश राठौर, विधान पांडेय, मदन दिवाकर, मुकेश रस्तोगी, राजेन्द्र राठौड़, राजा भरद्वाज, ड़ी के गंगवार, प्रेम वाल्मीकि, विक्की वाल्मीकि, गिरिश राठौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# डा. पांडे ने खटीमा में समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित मूंज घास के उत्पादों की ली जानकारी

खटीमा(उद संवाददाता)।सचिव मुख्यमंत्री, आवास, वित्त विभाग उत्तराखंड शासन डॉ. एसएन पांडे ने जीवन ज्योति कलस्टर कार्यालय पहुंचकर समूह द्वारा उत्पादित मूंज घास के उत्पादों की जानकारी ली।समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादों का निरीक्षण करते हुए डॉ. पांडे ने कहा कि प्रोडक्ट ऐसा हो कि सभी को अच्छा लगे मुनासिब दामों पर मिले, उन्होंने कहा कि उत्पाद कम समय में बने तो निश्चित ही लागत कम आएगी। उन्होंने कहा कि लागत कम करने के लिए प्रोडक्ट को कम समय में बनाने के लिए आधुनिक तकनीकि का समावेश किया जाए।उन्होंने कहा कि केवल एक गतिविधि पर आधारित कलस्टर आसानी से आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि कलस्टरों को बाजार आधारित विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाए और बाजार मांग के आधार पर अपने उत्पादों को अपडेट किया जाए या परिवर्तित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम आदि उपस्थित थे।





# आरएएन स्कूल में भारत को जानो ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद की तरफ से भारत को जानो प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि सीईओ रुद्रपुर श्रीमती अनुषा बडोला, अध्यक्ष भारत विकास परिषद नितिन भल्ला, सचिव विनय बंसल, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, महिला संयोजिका श्रीमती शिखा अरोरा, सदस्य गण रवि सिडाना, श्रीमती वीनू भल्ला, सुनील ठुकराल, विद्यालय संचालक मोहित राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न देकर किया गयाद्य इस प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमें जूनियर वर्ग में नेशनल पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान पर रहा, दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा तथा टेंडर सोल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर होली चाइल्ड तथा तृतीय पर दिल्ली पब्लिक स्कूल रहा। विजयी स्कूलों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इस आयोजन के समापन पर विद्यालय संचालक मोहित राय ने विजयी स्कूलोंको बधाई दी तथा भारत विकास परिषद के सभी सदस्योंका हृदय से आभार व्यक्त कियाद्य इस प्रकार सूक्ष्म जलपान के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ।





# जनपद में नेपाली नागरिकों के बने आधार कार्ड की जांच के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बताया हैं कि जनपद अन्तर्गत संचालित आधार केंद्रों में नेपाली नागरिकों के गलत तथ्यों के आधार पर आधार कार्ड निर्गत हुए हैं तथा नेपाली नागरिक भारत में मिलने वाली रसोई गैस एवम राशन को रियायती दरों में अपने देश नेपाल ले जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी बताया कि तारा दत्त उम्र 54 वर्ष, ईश्वरी देवी उम्र 51 वर्ष तथा किशन भट्ट उम्र 31 वर्ष एक ही परिवार के नेपाली सदस्य हैं व तारा दत्त की नेपाल के झूलाघाट में किराने की दुकान हैं। उक्त व्यक्ति का आधार कार्ड भारत देश का बना हुआ है और इनके पास दोनो देशों की नागरिकता है। तारा दत्त को किस प्रकार से आधार कार्ड निर्गत हुआ तथा किन कारणों से उक्त व्यक्तियो को जो एक ही परिवार के सदस्य हैं। दोनो देशों की नागरिकता हासिल है की जांच की जानी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरणों की जांच हेतु उपजिलाधिकारी सदर पिथौरागढ़ को जांच अधिकारी नामित कर निर्देश दिए हैं कि उक्त प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच कर अपनी आख्या रिपोर्ट व1 सप्ताह के भीतर उन्हें भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे तथा यह भी जांच कर ले कि आधार केंद्रों से नेपाली नागरिकों को गलत तथ्यों के आधार पर आधार कार्ड निर्गत हुए तो इस पर संलिप्त कर्मचारी/अधिकारियो के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपनी आख्या भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।





# हेल्थकेयर, फार्मा, एनर्जी सेक्टर के उद्योग समूहों के साथ 10150 करोड़ के इनवेस्टमेंट एमओयू

## चेन्नई में सीएम धामी ने निवेशकों को उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए किया आमंत्रित

चेन्नीई/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को चेन्नई में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग कर विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की। उन्होंने निवेशकों को आगामी दिसंबर माह में देहरादून में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विभिन्न उद्योग समूहों के साथ 10150 करोड़ रुपए के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए। जिसमें प्रमुख रुप से हेल्थकेयर, फार्मा, एनर्जी सेक्टर से जुड़े विभिन्न उद्योग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु और उत्तराखंड में आध्यात्मिक रूप से परस्पर संबंध है। तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखण्ड में श्री केदारनाथ और आदि कैलाश विश्व प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखंड में श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग विद्यमान हैं। पहले सत्र में हुए एमओयू में क्रमशः स्टार्टअप एंड इक्यूवेटर हेतु जुलाई वेंचर्स के साथ 1000 करोड़ रुपये का एमओयू, हेल्थ केयर सेक्टर में निवेश हेतु





क्षणा ग्रुप के साथ 1000 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा में निवेश हेतु एसआरएम यूनिवर्सिटी के साथ 600 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया गया। इसके अलावा हेलीपोर्ट एंव ऊर्जा क्षेत्र में रिफेक्स ग्रुप के साथ 500 करोड़ रुपये एरोमा पार्क हेतु ईन्फ्ला मोवी ग्रुप के साथ 250 करोड़ रुपये, टूरिज्म सेक्टर में निवेश हेतु मिलटेक्स ग्रुप के साथ 100 करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए। दूसरे सत्र में सर्वोदय ग्रुप आफ हॉस्पिटल 01 हजार करोड़ रुपये, अपोलो हॉस्पिटल 500 करोड़ रुपये, क्राफ्ट स्मिथ इंडिया 01 हजार करोड़ रुपये, इंफिनिटी ग्लोबल 4 हजार करोड़ रुपये तथा टीपीसीआई के साथ 200 करोड़ रुपये के एमओयू किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग, ऑटो कम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे अनेक क्षेत्रों में निवेश की अपार संम्भावनाएं हैं। पीस टू प्रोसपेरिटी के मूल मंत्र के साथ उत्तराखंड निवेश अनुकूल राज्य है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उत्कृष्ट मानव श्रम, बेहतर अवस्थापना सुविधा, शान्तिपूर्ण वातावरण, पारदर्शी प्रोत्साहन नीतियां स्थापित की गई है। पर्यटन, आयुष, वेलनेस, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटो मोबाइल्स, फार्मा, वैकल्पिक ऊर्जा और आईटी जैसे क्षेत्र को फोकस सेक्टर के रुप में शामिल किया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री सौरभ बहुगुणा, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री सचिन कुर्वे, डॉ0 आर राजेश कुमार, महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा के साथ विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक उपस्थित रहे।

## योगा प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के छात्र तथा छात्राओं ने रेड फोर्ट इंटरनेशनल एकेडमी ऋषिकेश में आयोजित चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करके अपने विद्यालय तथा अभिभावकगण का सम्मान बढ़ाया। जिसमें सब जूनियर छात्रों में देवकीनंदन दास ने कलात्मक एकल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी वर्ग में अनिमेष और देवकीनंदन दास ने कलात्मक जोड़ी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया जूनियर



छात्राओं में आयुषी सकलानी और ज्योत्सना चौधरी ने लयबद्ध जोड़ी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। इसी वर्ग में तनिष्का और कोमल चौधरी ने कलात्मक जोड़ी में तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक हासिल किया। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विंग कमांडर एच.के.राय, विद्यालय संचालक मोहित राय तथा प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट जी ने अभिभावागण को बधाई देते हुए बच्चों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## रंगारंग प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रम्पुरा में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस से पूर्व यहां पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया गया, मंच पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा को फूलमालाएं पहनाई,और पीत वस्त्र डालकर उनका स्वागत किया। बाद में स्थानीय बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक



कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरुष्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि धार्मिक पर्व हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी एवं सार्थक है। इनके आयोजन से हमारी संस्कृति, सभ्यता, और संस्कारों को बल मिलता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम आयोजक शेर सिंह, गब्बर कोली,आशा, महेंद्र, पप्पू, श्रीपाल, देवकी, मुन्नी, दुलारी, गंगाराम, प्रसादी लाल, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व सीएम हरीश रावत का हालचाल जाना

देहरादून(उद संवाददाता)। हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के एमआरआई, सीटी स्कैन और ईको आदि टेस्ट के बाद पसली में चोट और कमर में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन अस्पताल में रुकने की सलाह दी है। बृहस्पतिवार को पूर्व सीएम हरीश रावत से शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, डोईवाला विध



ायक बृजभूषण गैरोला, कुलाधिपति विजय धस्माना, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार, पूर्व विधायक मनोज रावत, पूर्व विधायक ओम गोपाल, सतपाल ब्रह्मचारी आदि ने अस्पताल जाकर कुशलक्षेम पूछी। बता दें कि मंगलवार देर रात हल्द्वानी से काशीपुर जाते समय बाजपुर में पूर्व सीएम हरीश रावत की कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे कार में सवार पूर्व सीएम समेत कुल तीन लोग घायल हो गए थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध और आतंकवाद की त्रासदी

इस महीने के शुरुआती हफ्ते में इजराइली सीमा में घुस कर हमास ने जो हमला किया था, उसने स्वाभाविक ही सभी लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि आतंकवाद की शायद कोई सीमा नहीं है। मानवीयता में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस तरह के हमले का समर्थन नहीं कर सकता। लेकिन उसके बाद इस समूचे इलाके में शुरू हुए युद्ध ने अब जो शक्ल अख्तियार कर ली है, उसने समूची दुनिया के सामने चिंता पैदा कर दी है कि आखिर यह कहां जाकर रुकेगा। हमास के हमले में बड़ी तादाद में इजराइली मारे गए थे। अब उसके प्रतिकार में इजराइल जिस तरह हमला जारी रखे हुए है, उसमें दावा यही किया जा रहा है कि निशाने पर हमास के आतंकवादी हैं, मगर हकीकत यह है कि गाजा पट्टी में लगातार बमबारी की वजह से बड़े पैमाने पर आम नागरिक मारे जा रहे हैं। सवाल है कि क्या युद्ध के दौरान देशों के लिए बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सीमाओं का खयाल रखना किसी पक्ष के लिए जरूरी नहीं रह गया है! गौरतलब है कि इजराइल ने गाजा पट्टी पर चौबीस घंटे के दौरान लगातार हवाई हमलों के जरिए बमबारी की, जिसमें सात सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबरें आईं। गाजा पर इजराइली बमबारी में एक दिन में मरने वालों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के ठिकानों पर हमले किए हैं, लेकिन सवाल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों को शिकार बनाने से किसका और किस तरह का मकसद पूरा हो रहा है? हमास के हमले का जवाब देने के क्रम में फिलहाल इजराइल का जो तेवर दिख रहा है, उसमें शायद इस बात की फिक्र नहीं है कि युद्ध में कौन मारा जा रहा है और किसे बख्शना है। अब तक गाजा पट्टी में करीब छह हजार से ज्यादा आम नागरिकों की मौत की खबरें आ चुकी हैं। इनमें लगभग आधे नाबालिग या बच्चे थे। यह बेवजह नहीं है कि अब दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता पैदा हो रही है कि इन हमलों का सिरा आखिर कहां जाकर रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की यह व्यथा समझी जा सकती है कि गाजा में हो रहे अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन चिंताजनक है किसी भी सैन्य संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। भारत ने भी बुधवार को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में युद्ध की वजह से लगातार बिगड़ती स्थिति और संघर्ष में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत को लेकर गहरी चिंता जताई। भारत ने सभी पक्षों से शांति के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाने, तनाव कम करने और हिंसा से बचने सहित सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने का पक्ष लिया है और इजराइल में हमास के हमले में भी इसका रुख स्पष्ट रहा। लेकिन फिलहाल गाजा पट्टी में साधारण लोग बिजली, पानी की आपूर्ति बाधित किए जाने सहित व्यापक पैमाने पर इलाका खाली करने जैसे त्रासद हालात का सामना कर रहे हैं और इजराइली हवाई हमले में मारे जा रहे हैं, उसके प्रति चिंता जाहिर करना भी भारत सहित मानवता के प्रति सरोकार रखने वाले किसी भी देश की जिम्मेदारी है। विडंबना यह है कि हमास के हमले और उसके बाद शुरू हुए युद्ध में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और युद्ध अपराधों का खयाल रखना भी जरूरी नहीं माना जा रहा है। नतीजतन, इसमें वैसे लोग मारे जा रहे हैं, जो युद्ध और आतंकवाद के लिए जिम्मेदार नहीं हैं और इससे उनका कोई वास्ता नहीं रहा।

## एनसीसी कैडेट्स को दी प्राथमिक चिकित्सा अभ्यास की जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)।हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में चल रहे 1 यू०के एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी भारत सरकार के प्रशिक्षक डॉ विमल कुमार ने दुर्घटना होने पर प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी एयर एनसीसी कैडेटों को दी।



उन्होंने विभन्न प्रकार के स्ट्रेचरों के निर्माण की तकनीक से अवगत कराया। ह्दय घात होने पर मरीज को तुरंत सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिए जाने का सही तरीके की भी जानकारी दी गयी । उन्होंने बताया कि सीपीआर एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश हो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती। इससे पूर्व प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न एनसीसी उपवाहिनियों के मध्य रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें कैडेटों ने अपना दम खम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैम्प कमांडर विंग कमांडर निशांत पंवार, समस्त सहयोगी एनसीसी अधिकारी और ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर मौजूद रहे।

## भाकपा माले राज्य कमेटी की बैठक कल से

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(माले) की उत्तराखंड राज्य कमेटी की 2 दिवसीय बैठक 28-29 अक्टूबर को रुद्रपुर में होगी। भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने जानकारी देते हुए कहा कि भाकपा(माले) की राज्य कमेटी की बैठक इस बार रुद्रपुर शहर में होगी । यह बैठक 28-29 अक्टूबर को एक होटल में आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जिला कमेटी को काफी अरसे बाद राज्य कमेटी की मीटिंग आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इससे जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा होगा।उन्होंने कहा कि राज्य कमेटी की बैठक में नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, पौड़ी, चमोली, देहरादून आदि जिलों से राज्य कमेटी के सदस्य बैठक में भाग लेंगे और राज्य में पार्टी संगठन व काम खकाज के विस्तार, जन समस्याओं पर संघर्ष व हल, राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

# युद्ध के बीच संकट में मानवता





हमास के विरुद्ध इजरायल के युद्ध का दायरा बढ़ने के साथ अस्पतालों पर हमलों ने तय कर दिया है कि मानवता संकट में है।क्योंकि अब अस्पताल भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं।डेढ़ साल से जारी रूस और यूक्रेन की लड़ाई में भी बड़े पैमाने पर स्वाथ्य संस्थानों पर हमले हुए हैं।संयुक्त राष्ट्र ने 21 साल पहले मानवता के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के नजरिए से युद्ध अपराधियों पर मामले चलाने के लिए 1 जुलाई 2002 को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना की थी।इसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में है। इसे युद्ध के अपराध में लिप्त आरोपी व्यक्तियों की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर मुकदमा चलाने का अधिकार है। नरसंहार और मानवता के विरुद्ध किए अपराध को भी यह अदालत संज्ञान में ले सकती है।लेकिन देखने में आया है कि इसके अस्तित्व में आने के बाद बीते दो दशकों में दो देशों के बीच हुए युद्धों के अलावा आतंकी हमलों के अपराधी और आंतकवादियों को घोषित रूप से संरक्षण,शरण,प्रशिक्षण,धन व हथियार देने वाले देशों के खिलाफ यह अदालत कोई ठोस पहल करने में नाकाम ही रही है।जबकि इस दौरान भारत ने तो पाकिस्तान प्रायोजित आंतकी हमले झेले ही,अमेरिका, ब्रिटेन,फ्रांस और म्यांमार को भी हमलों से दो-चार होना पड़ा है।साफ है, मानवता को शर्मसार करने वाली इन घटनाओं में अप्रत्यक्ष रूप से देशों की ही भूमिका निहित रहती है।इसीलिए दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र के पहले जिनेवा सम्मेलन की धारा 18 में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में अस्पतालों, चिकित्सकों, नागरिकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर हमले नहीं किए जाएं।लेकिन डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर संगठन के सहायक समन्वयक मिशियल हॉफमैन का कहना है कि इन बीस सालों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सुविधाओं की सुरक्षा गारंटी के सिद्धांत को नजरअंदाज किया जा रहा है।यही कारण है कि युद्ध में घायलों का इलाज नहीं हो पा रहा है और युद्ध शरणार्थियों की संख्या दुनिया में बढ़ रही है। गाजा क्षेत्र से ही युद्ध के चलते 11 लाख लोगों को हाल ही में विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है।अनेक देश इन शरणार्थियों को आश्रय देने की वजह से संकटों से घिरते जा रहे हैं। गाजा पट्टी पर इजरायली हमले और उत्तरी इलाके को खाली करने के हुक्म के बाद गाजा में हाहाकार मचा हुआ है।हर तरफ तबाही का मंजर है।यही स्थिति फिलिस्तीन की है।मिश्र ने शरुआत में विस्थापितों को राफा सीमा पर रास्ता देने से मना कर दिया था।बाद में दवाब पड़ने पर मार्ग खोला, जबकि मिश्र मुस्लिम देश है।इसी बीच जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने ऐलान किया है कि वे फिलिस्तीनी शरणार्थियों को आश्रय नहीं देंगे।उन्होंने यह ऐलान बर्लिन में जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ एक बैठक में कही।यहां विचारणीय प्रश्न है कि जब मुस्लिम देश ही इन्हें शरण देने से बच रहे हैं।मध्य-पूर्व के देश भी महज बयानबाजी करके फिलिस्तनियों का हित साधना चाहते हैं।हमास जैसे क्रूर आंतकी संगठन के कथित हिमायती देश ईरान,कतर और तुर्की ने भी शरणार्थियों को शरण देने का कोई आमंत्रण नहीं दिया है।ये देश दवा और खाद्यान्न भी उपलब्ध कराने में मदद नहीं कर रहे हैं, जबकि भारत ने राहत साम्रगी की बड़ी खेप फिलस्तीन पहुंचा भी दी है। यूरोप पहले ही शरणार्थी संकट से जूझ रहा है। बावजूद यूरोपीय देशों में शरणार्थियों के समूह दाखिल हो रहे हैं।इटली ने तो शरणार्थियों को अपनी सीमा पर ही रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी है। जबकि इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी प्रवासियों की भीड़ से निपटने का वादा कर सत्ता में आई थीं, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाई हैं।फ्रांस ने आतंकवाद पर लगाम के लिए कठोर कदम उठाए हैं।शरण के नाम पर फ्रांस में रह रहे 20 हजार से ज्यादा मुस्लिम कट्टरपंथियों को देश निकाला देने की तैयारी शुरू कर दी है।फ्रांस ने यह पहल एक शिक्षक की हत्या के बाद की है।आरोपी युवक मुस्लिम कट्टरवाद से प्रेरित था। संयुक्त राष्ट्र में शरणार्थियों के मामलों से जुड़े 'यूनाइटेड नेशन्स हाई कमिशनर और रिफ्यूजी' (यूएनए चसीआर) की ग्लोबल ट्रेंडस रिपोट्स को जिनेवा में जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के प्रमुख फिलिपो ग्रैंडी ने कहा कि युद्ध,उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन के कारण करीब 11 करोड़ लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। यह हमारी वैश्विक स्थिति पर कलंक है। 2022 में करीब 1.9 करोड़ लोग विस्थापित हुए, जिनमें से 1.1 करोड़ से अधिक लोगों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रामण के चलते अपना घर छोड़ा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग जंग के कारण विस्थापित हुए हैं। यह आपात स्थिति का संकेत है। कुछ समय के भीतर ही 35 प्रकार की आपात स्थितियां सामने आई हैं, जो बीते कुछ सालों की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हैं। इनमें से कुछ ही मीडिया की सुर्खियां बनी, बांकी नजरअंदाज कर दी गई। ग्रैंडी ने तर्क दिया कि 'सूडान से पश्चिम नागरिकों को निकाले जाने के बाद वहां हो रहे संघर्ष की खबर अधिकांश अखबारों से गायब रहीं। सूडान में इस संघर्ष के चलते अप्रैल 2023 के बाद से अब तक 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं कांगो गणराज्य, इथोपिया और म्यांमार में संघर्ष के चलते करीब 10-10 लाख लोग अपने मूल आवास और देश छोड़ने को विवश हुए है। हालांकि उन्होंने सकारात्मक जानकारी देते हुए संतोष जाहिर किया कि '2022 में एक लाख 14 हजार शरणार्थियों का पूनर्वास किया गया, जो 2021 की तुलना में दोगुना है। लेकिन यह संख्या अब भी समुद्र की मात्र एक बुंद के बराबर है। इधर गाजा पट्टी और फिलस्तीन से 11 लाख लोगों को युद्ध के चलते पलायन को मजबूर होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (एनएचसीआर) ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दस दिन पूरे होने के बाद रिपोर्ट दी थी कि हवाई एवं मिसाइल हमलों से बचने के लिए दस लाख से ज्यादा नागरिक यूक्रेन से पलायन कर चुके हैं। बीती एक शताब्दी में इतनी तेज गति से कहीं भी पलायन देखने में नहीं आया है। देश छोड़ने वाले लोगों का यह आंकड़ा यूक्रेन की कुल आबादी का दो प्रतिशत से अधिक है। ये लोग रोमानिया, पोलैंड, मोलडोवा, स्लोवाकिया, हंगरी और बेलारूस में शरण ले रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 6.5 लाख लोग पोलैंड की शरण में हैं। कुछ लोग निकटवर्ती रूस के सीमा क्षेत्र में भी चले गए हैं। सबसे कम शरणार्थी बेलारूस पहुंच रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि बेलारूस रूस का सहयोगी देश है। विश्व बैंक के मुताबिक 2020 के अंत में यूक्रेन की आबादी 4.4 करोड़ थी। एनएचसीआर ने आशंका जताई है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो 40 लाख से भी ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। युद्ध शरणार्थियों ने इससे पहले 2011 में सीरिया में छिड़े गृहयुद्ध के चलते बड़ी संख्या में पलायन का सिलसिला शुरू हुआ था, जो 2018 में अमेरिका द्वारा किए हमले तक जारी रहा था। लेकिन अब युद्ध चलते रहने के डेढ़ साल बाद यूक्रेन के एक लाख दस करोड़ लोग युद्ध शरणार्थी का दंश झेल रहे हैं। अमेरिका ने अपने मित्र देश ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर सीरिया पर मिसाइल हमला बोला था। सीरिया में मौजूद रासायनिक हथियारों के भंडारों को नष्ट करने के मकसद से 105 मिसाइलें दागी गईं थीं। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की ये मिसाइलें राजधानी दमिश्क और होम्स शहरों पर बरसाई गईं थी। इसमें रासायनिक हथियारों के भंडार और वैज्ञानिक शोध केंद्रों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई इमारतों में आग लग गई थी। दमिश्क धुएं के गुबार से ढक गया था। ऐसे ही दृश्य हम आजकल यूक्रेन में रूसी और इजरायल व हमास के हमलों में देखने में आ रहे हैं। हमले में कितनी जनहानि हुई , यह तो आजतक तय नही हुई, लेकिन सीरिया ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। वहीं रूस, चीन और ईरान ने कड़ा विरोध जताया था। इनका कहना था कि पहले रासायनिक हथियार रखने और उनका इस्तेमाल किए जाने तथा किसके द्वारा इस्तेमाल किए गए, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी ? अमेरिका ने ईराक पर भी जैविक एवं रासायनिक हथियारों की उपलब्धता संबंधी आशंका के चलते हमला बोला थ। लेकिन बयानबाजी से इतर युद्ध रोकने की ठोस पहल किसी देश ने नहीं की थी।यही गाजा के संदर्भ में दिख रहा है। करीब साढ़े सात साल चले सीरिया के युद्ध में पांच लाख से भी ज्यादा लोग मारे गए थे। एक करोड़ लोगों ने तत्काल शरणार्थी के रूप में विस्थापन का दंश झेला, इनमें से 67 लाख आज भी अनेक देशों में शरणार्थी बने हुए हैं। ये शरणार्थी जिन देशों में रह रहे हैं, उनमें भी अपनी इस्लामिक कट्टरता के चलते संकट का सबब बने हुए हैं। जर्मनी ने सबसे ज्यादा विस्थापितों को शरण दी थी। अब यही जर्मनी इनके धार्मिक कट्टर उन्माद के चलते रोजाना नई-नई परेशानियों से रूबरू हो रहा है। दरअसल 7 अप्रैल 2018 को 70 नागरिकों की रासायनिक हमले से मौत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जबावी कार्यवाही करने का वीड़ा उठाया था। अपनी सनक के चलते इसे उन्होंने अंजाम तक भी पहुंचा दिया था। शायद इसीलिए रूस के उप प्रधानमंत्री आर्केडी वोरकोविच ने तब ट्रंप को जवाब देते हुए कहा था कि 'अंतरराष्ट्रीय संबंध एक शख्स के मिजाज पर निर्भर नहीं होने चाहिए ?'लेकिन रूस ने यूक्रेन पर हमला करके अमेरिका का ही अनुकरण किया है।दरअसल रासायनिक हमले में सरीन और क्लोरीन गैस का प्रयोग किया जाता है। नतीजतन इसके प्रभाव में आने वाले व्यक्ति की कुछ ही समय में मौत हो जाती है। लेकिन यूक्रेन से छिड़े युद्ध में ट्रंप जैसा मिजाज ब्लादिमीर पुतिन भी दिखा रहे हैं और शक्तिशाली अमेरिका जैसे देश इस आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। यूक्रेन की एनएचसीआर प्रतिनिधि कैरोलिना ने कहा है कि 'दुनिया उन लोगों के आंकड़ों पर गौर कर रही है, जिन्होंने पड़ोसी देशों में शरण ली हुई है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि प्रभावित लोगों की सबसे बड़ी संख्या यूक्रेन के भीतर अभी भी मौजूद है। हमारे पास इन आंतरिक विस्थापि नागरिकों के कोई विश्वसनीय आंकड़े नहीं हैं। एनएचसीआर का अनुमान है कि लाखों लोग देश के भीतर ही विस्थापन का दंश और दहशत झेलने को विवश हैं, जो फिलहाल किसी तरह अपने प्राण बचाने की जद्दोजहद से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की वैश्विक रिपोर्ट की मानें तो 20 साल पहले की तुलना में विस्थापन का संकट दोगुना बढ़ गया है। 2019 तक आंतरिक रूप से विस्थापितों की कुल संख्या 4 करोड़ 13 लाख थी। इनमें से 1 करोड़ 36 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें 2018 में ही विस्थापन का दंश झेलना पड़ा था।अब हमास और फिलस्तीन इजरायल की आक्रामकता झेल रहे हैं, लेकिन उकसाने वाले देश मदद को आगे नहीं आ रहे हैं। जबकि वे भारत और अन्य अमीर देश हैं, जो सबसे ज्यादा युद्ध व पर्यावरण शरणार्थियों को शरण देते हैं। 2015 में सीरिया में जो हिंसा भड़की थी, उससे बचने के लिए लाखों लोगों ने जान जोखिम में डालकर भूमध्य सागर को महिलाओं व बच्चों के साथ पार किया और ग्रीस एवं इटली में शरण ली थी। इन दोनों देशों ने तब कहा था कि समय के मारे शरणार्थियों को आश्रय देने की नीति बनाई जाना आवश्यक है। वेनेजुएला में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के चलते चालीस लाख से ज्यादा लोगों ने पलायन किया था। इनमें से बमुश्किल पांच लाख लोग ही औपचारिक शरणार्थियों के दर्जे में हैं। युद्ध एवं गृहयुद्ध के हालातों के चलते सबसे ज्यादा सीरिया के 67 लाख, अफगानिस्तान के 27 लाख, दक्षिण सूडान के 23 लाख, म्यांमार के 11 लाख और सोमालिया के 9 लाख लोग शरणार्थियों के रूप में विभिन्न विकसित देशों के सीमांत इलाकों में शरण लिए हुए हैं। भारत में बांग्लादेश और म्यांमार के गृहयुद्ध से पलायन किए करीब चार करोड़ लोगों ने घुसपैठ की हुई है। भारत इनकी धार्मिक कट्टरता का संकट भी झेल रहा है। स्थानीय संपदा पर वर्चस्व जमाने के चलते मूल भारतीय नागरिक और इनके बीच खूनी संघर्ष भी देखने में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की 2019 में आई रिपोर्ट के मुताबिक कुल सात करोड़ 95 लाख विस्थापितों में से 4 करोड़ 57 लाख घरेलू सांप्रदायिक, नस्लीय, जातीय हिंसा और पर्यावरणीय एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने ही देश में विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। इसे जीवन की विडंबना ही कहा जाएगा कि ताकतवर देशों की सनक के चलते कमजोर देश पर युद्ध थोपे जाएं और लाखों लोग शरणार्थी का अभिशापित जीवन जीने को विवश हो जाएं। उन विस्थापितों पर क्या गुजरती होगी, जो अपना आबाद घर व्यवस्थित रोजगार और जमीन-जायदाद छोड़कर किसी अन्य देश के शरणार्थी शिविरों में अपने मूल देश की राह टकटकी लगाए देखते रहने को मजबूर कर दिए गए हों ?ये हालात पूरी मानवता के लिए परेशानी का सबब हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# रेडको खेतान में भारी मात्रा में हो रही पानी की बर्बादी

## 10 से 12 घंटे तक लगातार चलता है 6 इंच का बोरवेल

काशीपुर(उद संवाददाता)। सुल्तानपुर पट्टी (पिपलिया) में स्थित रेडको खेतान नामक शराब बनाने वाली फैक्ट्री में पानी की जिस तरीके से बर्बादी हो रही है इससे आने वाले दिनों में क्षेत्र में पेयजल की भारी किल्लत के आसार स्पष्ट होने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक विभिन्न ब्रांड की देसी व अंग्रेजी शराब बनाने वाली रेडको खेतान नामक फैक्ट्री में एक दिन में इतना पानी बर्बाद किया जा रहा है जितने में हजारों परिवार जीवन जी सकते हैं। इस फैक्ट्री में बताया जा रहा है कि 6 इंच का बोरवेल लगभग 10 से 12 घंटे तक लगातार चलता है इससे आप सहज अनुमान लगा सकते हैं कि धरती की सतह से कितना पानी निकाल कर उसे बर्बाद किया जाता है। मजे की बात यह है कि सरकार जहां एक और जलसंचय पर बल दे रही है पानी की एक-एक बूंद बर्बाद होने से बचाने के लिए नित नए प्रयास कर रही है वहीं यह फैक्ट्री भारी मात्रा में पानी की बर्बादी कर रही है। अकेले एक फैक्ट्री में इतनी बड़ी तादात में पानी की बर्बादी के कारण क्षेत्र में पूर्व में कई बार पेयजल की किल्लत से लोगों को जूझना पड़ा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जलस्तर और नीचे जाने के कारण लोगों को पेयजल के लिए कोई और ठौर ठिकाना देखना पड़ेगा।

### खुजली पीलिया कैंसर के बढ़ रहे रोगी

काशीपुर। स्थानीय लोगों की माने तो फैक्ट्री के रसायन युक्त दूषित पानी के कारण आसपास के दर्जनों गांव का भूजल भी लगातार दूषित हो रहा है। लोग हैंडपंपों से दूषित पानी पीने को विवश है। खराब पानी सेवन करने के कारण लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। एक सर्वे के मुताबिक फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में अधिकांश लोगों को पीलिया खुजली कैंसर आदि की शिकायत है। फैक्ट्री का गंदा पानी नालियों में बहाया जा रहा है।

### फैक्ट्री के खिलाफ कभी भी खुल सकता मोर्चा

काशीपुर। शराब बनाने वाली फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस फैक्ट्री में कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध है इसके अलावा कर्मचारियों से 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है। श्रम विभाग के अधिकारी फैक्ट्री के प्रबंधन से मिले हुए हैं। ऐसी तमाम अनियमिताओं के बीच चल रही शराब फैक्ट्री के खिलाफ स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोलने का मन बनाया है।

# खाईबाड़ी करते दो सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो सटोरियों को खाईबाड़ी करते हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम के का. भूपेन्द्र जेष्ठा, यासीन, परवेज अली, मुन्ना सिंह द्वारा दो मामलों में क्षेत्र में मलिक का बगीचा पावर हाउस के पीछे 2 व्यक्तियों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से सट्टे की पर्चियाँ, पैन, एवं 2260 रूपये बरामद किये गये हैं।



पकड़े गए सट्टेबाजों में सुलेमान उर्फ सलमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मलिक का बगीचा तथा रिहान उर्फ पोलार्ड पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मलिक का बगीचा पावर हाउस के पीछे शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# टी-20 क्रिकेट लीग की चैंपियन बनी एमिनिटी एकेडमी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में काशीपुर के किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी में उधम सिंह नगर टी-20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल डे नाइट मैच में एमेनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी रूद्रपुर चैंपियन बनी। फाइनल मुकाबला एमिनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी रूद्रपुर और रुद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य शाम 3:00 बजे से खेला गया। रुद्र लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 99 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें मोहित अरोड़ा ने 26 काबिल गौतम और मोहम्मद फैद ने 12-12 रनों का योगदान दिया। एमिनिटी अकादमी की तरफ से हिमांशु बसेरा ने 3, प्रत्यूष राज पांडे और जय राजोरिया ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी ने 16 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया एमिनिटी की तरफ से अभिनव शर्मा ने 18, क्षितिज सिंह ने 35 और शहान रावत ने 16 रनों का योगदान दिया। रुद्र लॉन्यन की तरफ से काबिल गौतम ने 3 विकेट लिए।फाइनल मैच एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी ने 5 विकेट से जीतकर ऊधम सिंह नगर टी-20 क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हिमांशु बसेड़ा रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रत्युष राज पांडे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज प्रत्यूष राज पांडे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज क्षितिज रहे। मैच के अंपायर मोहम्मद इसरार अंसारी और नमन ग्रेवाल ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम उत्तराखंड के सचिव महिमा वर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सोएयू के सदस्य संतोष गैरोला द्वारा विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण किया गया। सचिव सीएयू महिमा वर्मा द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा जिला उधम सिंह नगर में क्रिकेट के विकास के लिए, लगातार क्रिकेट प्रतियोगिताओं को कराने के लिए उनके कार्य की सराहना की गई और उनको शुभकामनाएं दी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने सभी का धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद के ही सिंह बाबा ,नरेंद्र चंद्र ,डॉ मयंक अग्रवाल, अजय चहल, सुशील शर्मा, देवेंद्र जिंदल ,अमित जिंदल,नूर आलम ,उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग संगठन के सचिव राजीव चौधरी ,किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी के एचडी विनित सिंगल,पुनित सिंगल, ग्रीस मिल्कनी ,मनोज पंत,अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, जय हिंद ऑटो एमडी तेज बघेल, गौरव शर्मा बलवंत सिंह आफताब आलम, इंद्र नील कर ,कादर खान , मोहन उपाध्याय, कार्यक्रम के उद्घोषक संजीव बधौरी और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




# जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर के ग्राम सांवल्दे क्षेत्र में जंगल के अंदर पेड़ से एक युवक का शव लटके होने की सूचना मिलने के बाद जहां एक और क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी बलजीत सिंह भाकुनी,कोतवाल अरुण कुमार सैनी और वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पेड़ पर लटके शव को नीचे उतार कर उसकी शिनाख्त की तो मृतक की शिनाख्त गणेश कठायत पुत्र जयपाल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम ढेला बंदोबस्ती के रूप में हुई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार बलजीत सिंह भाकुनी ने बताया कि बीती शाम को ग्राम सावल्दे के जंगल में पेड़ से लटका हुआ शव बरामद हुआ।शव 2 से 3 दिन पुराना है उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक काफी समय से घर से लापता था और कभी-कभी घर में आने के बाद लापता हो जाता था। परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि मृतक अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों को भी धमकियां देता था पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शव का पंचायत नामा भरकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया गया है।बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कोर्ट के निर्देश पर दंपती के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की एक मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कानूनगोयान मुंशी राम चौराहा निवासी नीता पत्नी सुभाष ने बताया कि बीते 3 सितंबर को ई एम 136 रस्ता जालंधर पंजाब, पुलिस स्टेशन एन आर आई जालंधर ग्रामीण पंजाब निवासी सोनू पुत्र तिलक राज तथा कशिश पत्नी सोनू ने आपस में एक राय होकर उसके घर पर धावा बोल दिया और घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। महिला ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसे दंपति ने जान से मारने की धमकी दी।




# दानपुर की संडे मार्केट से बाईक हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम दानपुर की संडे मार्केट में सब्जी लेने गए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात वाहन चोर चीरी कर ला गया। जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर की रात्रि बाईक स्वामी ने अपने वाहन संख्या यूके 04 एक्स 4673 से काशीपुर बाईपास रोड, पर ग्राम दानपुर की संडे मार्केट सब्जी लेने गया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाईक चोरी कर ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर ली है।

# ठुकराल आज करेंगे रामलीला का उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल आज शाम जयनगर नंबर तीन में रामलीला मंचन का शुभारम्भ करेंगे। जानकारी देते हुए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि शिव मंदिर में आयोजित होने जा रही रामलीला का आज रात्रि शुभारम्भ होगा। शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल करेंगे। उन्होंने धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में प्रभु श्री की लीला का मंचन देखने के लिए पहुंचने की अपील की है।

## पेज एक का शेष...

**उप राष्ट्रपति ने किए...**केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि बाबा केदारनाथ धाम में अपार शांति का अनुभव हो रहा है। यहां के विहंगम दृश्य मंत्रमुग्ध करने वाले हैं। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा धाम में कठिन परिस्थितियों में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। बाद में उन्होंने भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा अर्चना की। इसके बाद वह देहरादून के लिए रवाना हो गए। उनके दौरे को लेकर बदरीनाथ मंदिर परिसर करीब तीन घंटे तक जीरो जोन में तब्दील किया गया। धाम में अभिषेक पूजा के बाद सुबह आठ बजे आम यात्रियों की आवाजाही बंद की गई थी।सुरक्षा की दृष्टि से साकेत तिराहे से मंदिर परिसर तक पुलिस तैनात रहा।

**मुकदमे से बचाने के ...**देने को मना किया गया तो वह पति की कार संख्या यूके 06 ए एल 7670 छीनकर ले गया। मनीषा का आरोप है कि उस व्यक्ति द्वारा 27 जून को सायं पति को फोन कर दो लाख रूपये न देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि थोडी देर में पुलिस तेरे घर तेरा एंकाउंटर करने आ रही है। उक्त व्यक्ति की धमकियों से पति ने भयभीत होकर अपनी जान बचाने के लिए खिड़की के रास्ते से भागने की कोशिश की। पैर फिसलने से पति नीचे जा गिरे। जहाँ से उन्हें पुलिस द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**एकल अभियान का ...**पर, फिर ब्लॉक स्तर पर तत्पश्चात जिला स्तर पर खेलों में प्रतिभाग किया । उनमें से ब्लाक, जिले के पश्चात विजेता लगभग 410 ऐसे बालक बालिका प्रदेश स्तरीय खेलकूद समारोह में प्रतिभाग करने 30, 31 अक्टूबर को प्रतिभाग करने मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया इस खेल कूद समारोह का शुभारंभ 29 अक्टूबर को सायं 3 बजे गल्ला मंडी विनय बत्रा के प्रतिष्ठान से खेल ज्योति यात्रा से होगा। जिसका शुभारम्भ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर मंजू नाथ टीसी हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यात्रा मार्ग में प्रत्येक सौ मीटर के बाद अलग अलग एथलीट खेल ज्योति थामेंगे। खेल ज्योति को श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थापित किया जाएगा। श्री चुघ ने बताया कि 30 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे खेल कूद का शुभारंभ मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में माधवेन्द्र सिंह राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एकल अभियान एवं अरविन्द पाण्डेय विधायक गदरपुर व पुर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार व पंकज मिगलानी करेंगे। 31 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे भारत लोक शिक्षा परिषद रूद्रपुर के अध्यक्ष बिजय भूषण गर्ग, संरक्षक योगेश जिंदल समापन करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम सह संयोजक विनय बत्रा, सर्व व्यवस्था प्रमुख बल्देव छाबड़ा, उपाध्यक्ष शैली बंसल, ज्योति यात्रा संयोजक कुशल अग्रवाल, सीएसआर प्रमुख उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड संजीत पटेल, सम्भाग संगठन मंत्री कुलवीर सिंह, सम्भाग कार्यालय प्रमुख अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

**फैक्ट्री कर्मी से ...**मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में राज्य मानवाधिकार आयोग को प्रार्थना पत्र देकर वार्ड नंबर एक गणपति एनक्लेव सकेत विहार काशीपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद पुत्र स्वर्गीय विंध्याचल प्रसाद ने बताया कि काशीपुर स्थित इंडियन बैंक में उसका अकाउंट है। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि मुरादाबाद रोड स्थित पशुपति एग्री लोन में वह कार्यरत है। इसके अतिरिक्त कुछ और काम करने के लिए उसने इंटरनेट पर सिल्वर फॉयल कंटेनर देखा ताकि परिवार का और अच्छे से भरण पोषण हो सके। शिकायतकर्ता का कहना है कि इंटरनेट पर सर्च करने के बाद एक महिला से फोन पर संपर्क हुआ। महिला ने सिल्वर फॉयल कंटेनर के बारे में तमाम जानकारी देने के बाद बीते 3 फरवरी को बारकोड देकर दो बार में 21435 रुपए ले लिए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बाद महिला से उसका कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। शिकायतकर्ता का आप है कि महिला ने उसका नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

**भाजपा नेता प्रीत....**की भी संभावना जताई है। प्रीत ग्रोवर ने बताया कि उनके पास अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन पर भी आए। उन्हें गंदी गालियां और धमकी दी गयी है। अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी देते हुए 10 लख रुपए की रंगदारी की मांग भी की है। प्रीत ग्रोवर ने तहरीर में यह भी बताया है कि प्रत्येक बार अज्ञात नंबर से फोन आने वाले व्यक्ति की आवाज अलग ही थी वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से देखते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 504, 506, 386 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

**झांसा देकर युवक...**जोड़ा। अब उन्होंने प्रीपेड कार्य करने के लिए कहा, लेकिन पूरी प्रक्रिया का खुलासा नहीं किया और उसे 3000 रुपये के साथ कार्य करने को कहा गया। 3000 रुपये जमा कर दिए। उन्होंने कहा आपकी राशि फ्रीज हो जाएगी, इसके अनफ्रीजिंग के लिए अगला कार्य किया और फिर 20000 रुपये जमा किये। उन्होंने फिर से फ्रीज कर दिया गया है और इस बार कार्य राशि 50000 रुपये के साथ प्रकट की गई। उसने फिर से भुगतान किया। अब उन्होंने कहा कि आपकी राशि पुन: फ्रीज हो गई है क्योंकि कार्य करने में देरी कर रहे हैं। आपको 70 हजार रुपये की राशि के साथ अगला और आखिरी कार्य करना होगा। जिस पर भेजे अकाउंट नंबर पर दोबारा भुगतान कर दिया। अब फिर से उसे 70 हजार रुपये जमा करने के लिए कहा गया। महेंद्र ने बताया कि अब तक वह 143000 रुपये खोने के कारण निराश और घबराया हुआ था। उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 143000 रुपये धोखाधड़ी कर निकल गए है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

**ट्रक की टक्कर से ...**टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

**धोखे से घर ले ...**कलाम पुत्र स्वर्गीय अब्दुल लतीफ ने धोखे से अपने घर ले जाकर उसके गुप्तांगों से छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी को मौत के घाट उतारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 506 आईपीसी के अलावा 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत अब जो पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**अनूप अग्रवाल की ...** में संगीन मामले दर्ज है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ एक दौर में अभियुक्त अनूप अग्रवाल की काफी नजदीकी हुआ करती थी। भारतीय जनता पार्टी में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के बाद अनूप अग्रवाल ने यहां लोगों को तिकड़मबाजी कर चुनाव लड़ने से लेकर जिताने तक का काम किया।

**नशे के इंजेक्शन...**द्वारा बताया कि वे चलते-फिरते लोगों को नशे के इन्जेक्शन बेचते है। गिरफ्तार राकेश शर्मा पुत्र शशि भूषण शर्मा निवासी आजाद नगर,सोनू कुमार पुत्र परमोद निवासी पावर हाउस किच्छा को 33 नशे के इंजेक्शनों के साथ अभियुक्तगणों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दीपावली पर कानून व्यवस्था रखें चुस्त: एसपी सिटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।गत रात्रि हरबन्स सिंह एसपी सिटी द्वारा कोतवाली लालकुआं के समस्त विवेचकों का आदेश कक्ष लेकर दीपावली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा विवेचना के निस्तारण हेतु सख्त निर्देश दिए। उन्होने सभी विवेचकों को विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि विवेचकों द्वारा अभियोग में पर्चा काटकर सीडी समय से क्षेत्राधिकारी कार्यालय नहीं भिजवाई जा रही है सभी को पर्चा काटते ही तत्काल क्षेत्राधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। यदि किसी उपनिरीक्षक द्वारा समय से सीडी क्षेत्राधिकार कार्यालय प्रेषित नहीं की जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एस पी सिटी ने कहा 6 माह से अधिक समय जिन विवेचनाओं को अकारण लंबित रखा गया है उनका निस्तारण 3 दिवस में करते हुए 30 अक्टूबर तक प्रभारी निरीक्षक लालकुआं को आख्या से अवगत कराये। जनपद में लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत फरार वारंटी एवं इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी करने तथा



शेष बचे अभियोगों का गुण दोष केआधार पर तत्काल निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों में माल परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो गई हो तथा अभियोग अभी तक निस्तारित ना हुए हो 3 दिवस के अंदर आरोप पत्र दाखिल करें।विवेचकों द्वारा पर्चे किता कर रजिस्टर नंबर 4 में भी नहीं चढ़ाए गए है सभी पर्चों को रजिस्टर में अपडेट करे। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और किसी भी अनैतिक गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही करें। अधिकांश एनबीडब्ल्यू में अदम तामील रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। जो कि उचित नहीं है एनबीडब्ल्यू की शत प्रतिशत तामील कराना सुनिश्चित करें। शिकायत प्रार्थना पत्र एक माह से अधिक समय से लंबित है उनका तत्काल सेवा अधिकार अधि नियम के अंतर्गत दिए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करें। बाहर से आकर थाना क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों का शत प्रतिशत सत्यापन करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में नशेड़ियों एवं अवैध मादक पदार्थों की खरीद–फरोख्त में लिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने हेतु नशे में वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, नो हेलमेट, ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न, रेट्रो साइलेंसर, काली फिल्म का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आगामी दीपावली पर्व एवं धनतेरस के अवसर पर चौन स्नैचिंग, चोरी , नकबजनी जैसी अपराधिक घटनाओं पर सर्तक दृष्टि रखने के दिए आवश्यक दिशा निर्देश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाए जा रहे अभियानों में गुणवत्ता व तेजी लाने हेतु समस्त उप निरीक्षको को निर्देश दिए। आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों में भीड –भाड़ होने के कारण क्षेत्र में प्रभावी पैकेट एवं रात्रि गश्त करने साथ साथ क्षेत्र में चेकिंग करने के निर्देश दिए।इस दौरान डी आर वर्मा,प्रभारी निरीक्षक लालकुआं हरेन्द्र सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रथम, प्रकाश सिंह मेहरा वरिष्ठ उपनिरीक्षक द्वितीय एवं अन्य उपनिरीक्षक/विवेचक उपस्थित रहे।

# विसर्जन यात्रा में युवक से रुपए छीनने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ट्रांजिट कैंप में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा में शामिल युवक से दो नशेडियों द्वारा रुपए छीनने की कोशिश करते हुए उससे मारपीट की गई। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में बिट्टू ढाली पुत्र विमल ढाली निवासी वार्ड 3, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 25 अक्टूबर को दुर्गा पूजा में मां की प्रतिमा विसर्जन यात्रा में हम सभी लोग जा रहे थे। जिसमें दो शराब पिए रोहित एवम् उसका साथी आशीष सरकार उससे जबरदस्ती रूपए छीन रहे थे। उसे सड़क से दूर मेदान में खीचकर ले गए। जिसका विरोध करने पर उन्होंने उसे लोहे के कढा से बुरी तरह मारपीट कर लहू लुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। और मां बहन की गंदी गंदी गालिया दी जिसका मुझे जान का खतरा हैं। बिट्टू का कहना है कि पूर्व में दोनो व्यक्ति कई बार मारपीट के मामले में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति द्वारा घातक हथियार के साथ घर में घुसकर युवक व उसके परिजनों के जान से मार देने की धमकी दी गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जितेन्द्र पुत्र सोमपाल निवासी राजा कालोनी गोल मडईया ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 24 अक्टूबर को वह अपने घर पर था तभी अजय पाल ने फोन पर उससे गली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। वजह पूछने पर कहने लगा कि तूने दरऊ निवासी युवती और उसे क्यू देखा। उससे कहा उसने किसी को नही देखा ना ही उसका युवती से कोई सम्बन्ध है। उसने धमकी देते हुए कहा कि कम्पनी गेट पर जान से मार दूँगा। आरोप है कि 24 अक्टूबर को साय अजय अवैध घातक हथियार सहित घर आ गया और गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसे अपनी जान को खतरा है। पुलिस ने अजय पाल पुत्र धन सिंह निवासी मोहल्ला खेड़ा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात हाइड्रा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में हाइड्रा की टक्कर से हुई मासूम की मौत मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गांधी आश्रम कुंडेश्वरी निवासी सुखराम पुत्र राम बहादुर ने बताया कि 25 अक्टूबर की सुबह लगभग 8:30 बजे मोटरसाइकिल संख्या पर पुत्री स्वाति 20 वर्ष तथा पौत्र तनिष्क थापा के साथ बसंत विहार कॉलोनी के समीप खड़ा था इसी दौरान द्रुत गति से चले जा रहे हाइड्रा संख्या यूपी 12 बीटी/ 5460 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर उसके पौत्र तनिष्क को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात हाइड्रा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। बता दें घटना वाले दिन 20 वर्षीय स्वाती मोटरसाइकिल पर अपने 8 वर्षीय भतीजे तनिष्क को लेकर बाजार से घर लौट रही थी इस दौरान मार्ग में हाइड्रा की चपेट में आने से तनिष्क की मौत हुई। एक्सीडेंट की इस घटना में स्वाति घायल हुई जिसे उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे एवं प्रत्यक्षदर्शी इस बात के गवाह है लेकिन इसके बाद भी पुलिस की तहरीर में कानून को गुमराह करने का प्रयास किया गया।

# तीन नवंबर से आयोजित होगा शरदोत्सव: योगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 23वां शरदोसव मेला हेतु समिति का गठन किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष एवं शरदोसव मेला समिति के संस्थापक अध्यक्ष विक्की योगी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि समिति के मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी नैनीताल, श्रीमती वंदना सिंह संरक्षक, नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती ऋचा सिंह से निवेदन किया गया है जिनका सहयोग समिति को मिल रहा है। समिति के मुख्य संरक्षक नीरज शारदा, संरक्षक मंडल में मुख्य रूप से डॉक्टर जेएस खुराना , पार्षद श्रीमती विद्या देवी, रिटायर कर्नल जगत सिंह जन्तावल, संयोजक मंडल में मुख्य रूप से जीएस रावत, शिव गणेश, सहसंयोजक युवा उद्योगपति कौस्तुभ चंदोला, उपाध्यक्ष जहीर अंसारी,दीपक कुमार , महासचिव रंगकर्मी जितेंद्र मार्तोलिया,कोषाध्यक्ष




साक्षी बेलवाल, उपसचिव नेहा बिष्ट, मंच प्रबंधक आरपी गंगोला, स्वागत समिति की अध्यक्ष साधना वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप्ति तिवाड़ी ,सचिन बबीता भाकुनी, उपसचिव शालिनी भारती, महासचिव अतुल घुगुतियाल, मुख्य व्यवस्थापक रमेश चुनारा राम्दा, आदि संचालन समिति में मुख्य रूप से रिंपी बिष्ट, शंकर कोहली, स्नेहा बिष्ट, कार्यालय सचिव अर्जुन सिंह प्रदर्शनी सचिव प्रेम भट्ट आदि हैं पदाधिकारीयों को जिम्मेदारियां दी गई है उप समिति का गठन होना अभी बाकी है जो शीघ्र होग। शरदोसव मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्तरांजलि एवं फिल्म स्टार नाइट डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क दमुवांदूंगा में होगा। जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों से सैकड़ो अतिथि कलाकारों द्वारा स्थानीय कलाकारों के साथ मिलकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। बंगाल का काला जादू कार्यक्रम मेला का मुख्य आकर्षण रहेगा। सिने जगत से जुड़े कलाकार भी कार्यक्रम में स्थानिक कलाकारों का मनोबल बढ़ाने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। निर्धन छात्राओं के चौरिटी हेतु लकी ड्रॉ कूपन निकाला जाएगा। जिसमें 15 पुरस्कार स्कूटी, फ्रिज, स्मार्टफोन, वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि कूपन विजेताओं को दिए जाएंगे। निर्धन छात्राओं को गर्म कपड़े भी वितरित किए जाएंगे। श्री योगी ने कहा कि जिला प्रशासन और नगर प्रशासन का भरपूर सहयोग समिति को मिल रहा है। उन्होंने जनता से अपील की आप कार्यक्रम में आकर कलाकारों को अपना आशीर्वाद जरूर दें।

